# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.09.2020 को सम्पन्न नवीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा | सदस्य |
| 3. | श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ | सदस्य |
| 4. | श्री एच0के0 वाधवा अधि0अभि0, प्रतिनिधि उ0प्र0आ0 एवं वि0प0 निर्माण इकाई–2, कानपुर | सदस्य |
| 5. | श्री अभिषेक राज, अधि0अभि0 प्रतिनिधि उ0प्र0आ0 एवं वि0प0 निर्माण खण्ड–20, कानपुर | सदस्य |
| 6. | श्री एच0एस0 पाण्डेय, परियोजना प्रबन्धक, नि0 एवं प0से0, उ0प्र0 जल निगम, कानपुर | सदस्य |
| 7. | श्री डी0सी0 पन्त अधिशाषी अभियन्ता, प्रतिनिधि उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 8. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 9. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 10. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |

**9.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 15.02.2020 को सम्पन्न हुई आठवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 15.02.2020 को सम्पन्न आठवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**9.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 15.02.2020 को सम्पन्न आठवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।**

| मद सं0 | विषय | कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|
| 8.03 | विश्वविद्यालय के नवनिर्मित नलकूप के शिरोपरि जलाशय से संयोजन के आगणन के सम्बन्ध में। | समिति द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत होते हुए शेष धनराशि निर्गत करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। |
| 8.04 | विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में शिरोपरि जलाशय के मरम्मत के सम्बन्ध में। | समिति द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत होते हुए शेष धनराशि निर्गत करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। |

**01. विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में एक नये नलकूप के निर्माण के सम्बन्ध में प्राप्त आगणन पर विचारः**

विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में नलकूप के निर्माण हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 जल निगम से प्राप्त आगणन रू0 76.52 लाख पर समिति ने विचारोपरान्त अनुमति प्रदान की।

**02. मेसर्स एस0वी0 कंस्ट्रक्सन, कानपुर के द्वारा ई–निविदा के माध्यम से कराये जा रहे अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों के सम्बन्ध में।**

भवन निर्माण समिति द्वारा विश्वविद्यालय के अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों में क्रियान्वयन हेतु दिये गये अनुमोदन के क्रम में प्रश्नगत कार्य मेसर्स एस0वी0 कंसट्रक्सन द्वारा प्रगति पर है। समिति द्वारा Water Proofing Treatment of Classroom के आगणन में लिये गये कार्य की मात्रा 3000.00 वर्गमी0 के स्थान पर 7000.00 वर्गमी0 किये जाने एवं Replacement of Sheet in Work Shop की मात्रा 1250.00 वर्गमी0 के स्थान पर 3790.00 वर्गमी0 किये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी! उक्त प्रस्ताव के क्रम में निविदा में लिया गया बाउण्ड्री वाल एवं कंसटीना वायर का कार्य शासन स्तर से स्वीकृत किया जा चुका है। अतः शेष कार्यों की मात्रा उक्त आवश्यकतानुसार ही कम किये जाने पर अनुमति प्रदान करते हुये सम्पूर्ण कार्य निर्धारित अवधि तक पूर्ण कराये जाने पर अनुमति प्रदान की गयी।

**3. मान0 कुलपति महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय मे निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति का संज्ञान लेते हुए निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये गयेः

**निर्माण इकाईः– उ0प्र0 राजकीय निर्माण लि0, इकाई– 04, कल्याणपुर, कानपुर।**

**1. <u>रूसा परियोजनान्तर्गतः–</u>**

| क्रमांक एंव शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. लेक्चर हाल काम्पलेक्स का निर्माण | क्रमांक 01 एवं क्रमांक 02 के कार्यों हेतु 95 प्रतिशत धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। अतः उक्त दोनो कार्य माह दिसम्बर तक विश्वविद्यालय को सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण करते हुये अधिग्रहण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>रिनोवेशन सम्बन्धी कार्यों में कराये गये कार्यों का एवं किये गये कार्य का भुगतान का निर्माण इकाई द्वारा की गयी एम0बी0 एवं क्रय आदेशों का मूल्यांकन परीक्षण विश्वविद्यालय स्तर से कराये जाने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था किन्तु उक्त कार्य निर्माण इकाई द्वारा पूर्ण नहीं किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये प्रत्येक दशा में कार्य माह नवम्बर, 2020 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 02. आडिटोरियम का निर्माण | |
| 03. इन्क्यूबेशनहब का निर्माण | |
| 04. पुरानी लाइब्रेरी का रिनोवेशन | |
| 05. हास्टल रिनोवेशन | |
| 06. हास्टल रिनोवेशन | |
| 07. नये पुस्तकालय में वातानुकुलन | |

विश्वविधालय के अनुरक्षण कार्यः—

| कमांक एंव शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. सिविल इंजी0 विभाग के रिनोवेशन का कार्य | निर्माण इकाई द्वारा किये गये उक्त समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन एवं किये गये भुगतान का मूल्यांकन प्रस्तुत नहीं किये जाने पर समिति द्वारा अप्रसन्नता एवं रोष व्यक्त करते हुये उक्त समस्त कार्यों के क्रियान्वयन हेतु माह नवम्बर, 2020 तक का समय अंतिम रूप से प्रदान किया गया है। अन्यथा स्थिति में प्रकरण को निर्माण इकाई के उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। |
| 02. इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग का रिनोवेशन कार्य | |
| 03. कम्प्यूटर इंजी0 विभाग का रिनोवेशन कार्य | |
| 04. मैकेनिकल इंजी0 विभाग का रिनोवेशन कार्य | |
| 05. आर्किटेक्ट के माध्यम से सेवायें प्राप्त करने हेतु | |
| 06. फायर फाइटिंग उपकरण लगाये जाने हेतु | |
| 07. सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु | |

**2.निर्माण इकाई का नामः उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर**

| कमांक एंव शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 भवन के निर्माण का कार्य | निर्माण इकाई द्वारा रूसा परियोजनान्तर्गत कराये जा रहे इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 भवन के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर अंसतोष व्यक्त करते हुये त्वरित प्रगति के निर्देश दिये गये। केमिकल इंजी0 भवन के निर्माण कार्य हेतु शेष धनराशि निर्गत किये जाने सम्बन्धी अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मल्टीपरपज हाल के निर्माण कार्य को माह दिसम्बर, 2020 तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिया गया तथा विश्वविद्यालय में टूटी बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 02. केमिकल इंजी0 भवन के निर्माण का कार्य | |
| 03. मल्टीपरपज हाल के निर्माण का कार्य | |
| 04. विश्वविद्यालय में जगह—जगह टूटी बाउण्ड्रीवाल के निर्माण का कार्य | |
| 05. कुलपति आवास का निर्माण कार्य | |

**3.निर्माण इकाई का नामः उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यूपीसिडको)**

| कमांक एंव शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. पुराने पुस्तकालय भवन को टी0एन0पी में परिवर्तित किये जाने हेतु प्रस्ताव | चुंकि उक्त समस्त कार्यों के क्रियान्वयन हेतु निर्माण इकाई को सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। अतः निर्धारित अवधि मार्च, 2021 तक सम्पूर्ण कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 02. मेकेनिकल इंजी0 विभाग के द्वितीय तल पर कक्षा—कक्षों का निर्माण | |
| 03. 200 सीटेड छात्रा—छात्रावास में मेस ब्लाक एवं कॉमन रूम का निर्माण कार्य | |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(प्रो0 प्रदीप कुमार)
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर